# पर्यटन और परिवहन

---

## पाठ्यपुस्तक के प्रश्न

**प्रश्न 1. सही विकल्प को चुनिए**

**(A)** राजस्थान में ब्रह्माजी का मन्दिर स्थित है(
क) अजमेर
(ख) पुष्कर
(ग) पाली
(घ) करौली

**उत्तर:** (ख) पुष्कर

**(B)** जयसमंद झील कौनसे जिले में स्थित है?
(क) उदयपुर
(ख) चित्तौड़गढ़
(ग) बाड़मेर
(घ) जालौर

**उत्तर:** (क) उदयपुर

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

1. जयपुर में उत्तम शहरी यातायात के लिए ....... की शुरुआत जून 2015 से की गई है।
2. सड़क पार करते समय ......... क्रॉसिंग का प्रयोग करना चाहिए।
3. पर्यटन एक ...... उद्योग है।
4. केवलादेव घना राष्ट्रीय पक्षी विहार ...... जिले में स्थित है।

**उत्तर:** 1. मेट्रो रेल 2. जेब्रा 3. सेवा 4. भरतपुर

**प्रश्न 3. राजस्थान का प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डी कहाँ स्थित है?**

**उत्तर:** राज्य का प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सांगानेर (जयपुर) में है।

**प्रश्न 4. राजस्थान में प्रथम रेल कब व कहाँ चली थी ?**

**उत्तर:** राजस्थान में प्रथम रेल 1874 में बांदीकुई (दौसा) से आगरा फोर्ट (उत्तरप्रदेश) के बीच चलाई गई थी।

**प्रश्न 5. भारतमाला योजना क्या है? समझाइए।**

**उत्तर: भारतमाला योजना –** भारत सरकार ने देश में सड़कों के विकास एवं विस्तार के लिए 'भारतमाला' परियोजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत हजारों किमी. लम्बी सड़कों का विकास करने की योजना है जो राजस्थान सहित भारत के सभी सीमावर्ती राज्यों पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर होते हुए मिजोरम आदि में बनाई जायेगी। इस योजना का लगभग 1500 किमी. का हिस्सा राजस्थान के सीमावर्ती (पाकिस्तान) भाग से होकर गुजरेगा।

**प्रश्न 6. पर्यटन किसे कहते हैं? आर्थिक दृष्टि से पर्यटन का क्या महत्त्व है?**

**अथवा**

**पर्यटन से क्या आशय है? पर्यटन के महत्त्व पर एक लेख लिखिए।**

**उत्तर: पर्यटन –** मनोरंजन, नैसर्गिक आनंद, खेलकूद, स्वास्थ्य, अध्ययन, धार्मिक यात्रा, व्यापार, कार्यालय कार्य, सम्मेलन आदि के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए की गयी यात्रा पर्यटन कहलाती है। पर्यटन का महत्त्व- पर्यटन एक सेवा उद्योग है। इसका महत्त्व निम्न प्रकार से है

1. पर्यटन से देश को विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है।
2. पर्यटन से हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होता है।
3. इससे संस्कृति एवं कला का विकास होता है।
4. पर्यटन से राज्य की आय में वृद्धि होती है।
5. इससे व्यापार तथा उद्योगों का भी विकास होता है।
6. पर्यटन से हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षण मिलता है एवं उसका प्रचार-प्रसार भी होता है।
7. पर्यटन से अर्थव्यवस्था में गतिशीलता रहती है।

**प्रश्न 7. राजस्थान में प्रमुख पर्यटन स्थान कौन-कौनसे हैं?**

**अथवा**

**राजस्थान में पर्यटन स्थलों को कितने भागों में बाँटा जा सकता है? विस्तार से लिखिए।**

**उत्तर:** राजस्थान के पर्यटन स्थलों को निम्न तीन भागों में विभाजित किया जा सकती है-

**1. ऐतिहासिक पर्यटन स्थल –** राजस्थान के लगभग सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक महत्त्व के पर्यटन स्थल हैं। हनुमानगढ़ में कालीबंगा व पीलीबंगा, उदयपुर में आहड़, जयपुर में बैराठ और सीकर में गणेश्वर नामक पुरातात्विक पर्यटन स्थल प्रसिद्ध हैं। जयपुर में हवामहल, आमेर का किला, जंतर-मंतर, चित्तौड़गढ़ का विजय स्तम्भ व कीर्ति स्तम्भ, राजसमंद स्थित कुंभलगढ़ का किला, उदयपुर का सज्जनगढ़ किला और सिटी पैलेस, जोधपुर में मेहरानगढ़ किला, जैसलमेर का सोनारगढ़ किला. आदि प्रमुख ऐतिहासिक पर्यटन स्थल हैं।

**2. प्राकृतिक पर्यटन स्थल –** राजस्थान की भौगोलिक बनावट व प्राकृतिक छटाओं के बीच जैसलमेर में मनमोहक रेत के टीले (धोरे), झीलों की नगरी उदयपुर में जयसमंद, फतहसागर, पिछोला, उदयसागर आदि झीलें एवं शिल्पग्राम, सिरोही का प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल माउण्ट आबू एवं नक्की झील, अजमेर की पुष्कर झील, राजसमन्द में स्थित राजसमंद झील, चित्तौड़गढ़ में चूलिया एवं मेनाल जल-प्रपात, सवाई माधोपुर का रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान, अलवर का सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर का केवलादेव घना राष्ट्रीय पक्षी विहार, जैसलमेर व बाड़मेर में स्थित राष्ट्रीय मरु उद्यान, कोटा में चम्बल नदी के किनारे घड़ियाल तथा मगरमच्छों के संरक्षण के लिए चम्बल अभयारण्य प्रमुख हैं।

**3. धार्मिक पर्यटन स्थल –** राजस्थान के रीति-रिवाजों व लोक संस्कृति में धर्म का बहुत महत्त्व है। यहाँ के तीर्थ-स्थल पर्यटन के प्रमुख केन्द्र माने जाते हैं। राज्य में ब्रह्माजी का मन्दिर (पुष्कर), ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह (अजमेर), कोलायत (बीकानेर), रामदेवरा (जैसलमेर), नाथद्वारा में श्रीनाथजी (राजसमंद), एकलिंगजी (उदयपुर), गोविन्ददेवजी (जयपुर), करणीमाता देशनोक (बीकानेर), श्री महावीरजी (सवाईमाधोपुर), त्रिपुरा सुंदरी (बांसवाड़ा) आदि मुख्य धार्मिक पर्यटन स्थल हैं। ऋषभदेव (उदयपुर), रणकपुर (पाली) और देलवाड़ा (सिरोही) के जैन मन्दिर भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। पर्यटन व्यवसाय राज्य में रोजगार का प्रमुख स्रोत है।

**प्रश्न 8. राजस्थान में सड़क परिवहन पर एक लेख लिखिए।**

**उत्तर: सड़क परिवहन –** राजस्थान में परिवहन का सबसे महत्त्वपूर्ण साधन सड़क है। राजस्थान का अधिकांश परिवहन सड़कों के माध्यम से ही पूरा होता है। ग्रामीण इलाकों के लिए सड़क लोगों के यातायात एवं आर्थिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण साधन है। विगत दशकों में राज्य की सड़कों का तेजी से विकास हो रहा है। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग, जिला सड़कें, ग्रामीण सड़कें आदि सड़कों के प्रकार हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण परियोजना गाँवों को सड़कों से जोड़ने की योजना है, जिसके अन्तर्गत काफी विकास हुआ है। दिल्ली से मुम्बई को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग (N.H.) 8 राज्य के मध्य से गुजरता है, जो राज्य का सबसे व्यस्ततम राजमार्ग है। पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र में NH-15 स्थित है, जो राज्य का सबसे लम्बा राजमार्ग है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 14 एवं 15 राज्य को गुजरात के कांडला बंदरगाह से जोड़ते हैं।

## अन्य महत्त्वपूर्ण प्रश्न

### बहुविकल्पात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. फतहसागर झील कौनसे जिले में स्थित है?**
(अ) उदयपुर
(ब) चित्तौड़गढ़
(स) बाड़मेर
(द) जालौर

**उत्तर:** (अ) उदयपुर

**प्रश्न 2. मेनाल जल प्रपात कहाँ स्थित है?**
(अ) भीलवाड़ा
(ब) प्रतापगढ़
(स) कोटा
(द) उदयपुर

**उत्तर:** (अ) भीलवाड़ा

**प्रश्न 3. राजस्थान में पर्यटन को उद्योग का दर्जा कब दिया गया?**
(अ) 1979
(ब) 1989
(स) 1997
(द) 2015

**उत्तर:** (ब) 1989

**प्रश्न 4. त्रिपुरा सुन्दरी का मन्दिर स्थित है-**
(अ) जयपुर में
(ब) बाड़मेर में
(स) बाँसवाड़ा में
(द) जालौर में

**उत्तर:** (स) बाँसवाड़ा में

**प्रश्न 5. निम्न में से किस जिले में सोनारगढ़ किला स्थित है?**
(अ) जोधपुर
(ब) जयपुर
(स) बीकानेर
(द) जैसलमेर

**उत्तर:** (द) जैसलमेर

**प्रश्न 6. राजस्थान का प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कहाँ स्थित है?**
(अ) जोधपुर
(ब) उदयपुर
(स) बीकानेर
(द) जयपुर

**उत्तर:** (द) जयपुर

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

1. दिल्ली से मुम्बई को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या..............राज्य के मध्य से गुजरता है। (8/15)
2. चित्तौड़गढ़ का...........तथा कीर्तिस्तम्भ प्रसिद्ध है। (विजयस्तम्भ/विजयनगर)
3. विदेशी पर्यटकों को भारत की ओर आकर्षित करने के लिए सरकार ने............कार्यक्रम तैयार किया है। (अतुल्य भारत/भारतमाला)
4..........शाही रेलगाड़ी है जो प्रमुख पर्यटक स्थलों की सैर कराती है। (द पैलेस ट्रेन/रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स)
5. ओवर टेक...........तरफ से सावधानीपूर्वक करना चाहिए। (बायीं/दाहिनी)

**उत्तर:** 1. 8 2. विजयस्तम्भ 3. अतुल्य भारत 4. रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स 5. दाहिनी

**निम्न वाक्यों में से सत्य/असत्य कथन छाँटिए**

1. भारत में आने वाला हर तीसरा विदेशी पर्यटक राजस्थान में आता है।
2. राजस्थान में सन् 1979 में राजस्थान पर्यटन विकास निगम (R.T.D.C.) की स्थापना की गयी।
3. करणीमाता का मन्दिर देशनोक (बीकानेर) में है।
4. सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान सवाई माधोपुर में स्थित है।
5. उदयपुर के डबोक में महाराणा प्रताप हवाई अड्डा स्थित है।

**उत्तर:** 1. सत्य 2. सत्य 3. सत्य 4. असत्य 5. सत्य

**निम्न को सुमेलित कीजिए| दर्शनीय स्थल**

| **दरसनीय स्थल** | **जिला** |
|---|---|
| 1. श्रीनाथजी | (अ) पाली |
| 2. रणकपुर | (ब) सवाईमाधोपुर |
| 3. श्री महावीरजी | (स) भीलवाड़ा |
| 4. मेनाल जल प्रपात | (द) जैसलमेर |
| 5. सोनार किला | (य) राजसमन्द |

**उत्तर:** 1. (य) 2. (अ) 3. (ब) 4. (स) 5. (द)

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. राजस्थान के तीन प्रमुख पर्यटक मंडलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर:**

1. जयपुर-आमेर सर्किट
2. मरु सर्किट एवं
3. मेवाड़ सर्किट

**प्रश्न 2. RTDC का पूरा नाम लिखिए।**

**उत्तर:** RTDC का पूरा नाम 'राजस्थान पर्यटन विकास निगम' है।

**प्रश्न 3. राजस्थान की शाही रेलगाड़ी का नाम लिखिए।**

**उत्तर:** रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स।

**प्रश्न 4. राजस्थान में परिवहन के मुख्य साधन कौन-कौन से हैं?**

**उत्तर:** राजस्थान में परिवहन के मुख्य साधन सड़क, रेल व हवाई यातायात हैं।

**प्रश्न 5. मेट्रो ट्रेन क्या है?**

**उत्तर:** मेट्रो ट्रेन महानगरों में स्थानीय परिवहन के लिए सार्वजनिक रेल व्यवस्था है।

**प्रश्न 6. अभयारण्य से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर:** अभयारण्य वन्य जीवों के उन्मुक्त आवास क्षेत्र होते

**प्रश्न 7. राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कौनसे नारे दिए गये हैं?**

**उत्तर:**

1. 'पधारो म्हारे देश'
2. 'रंगीलो राजस्थान'
3. 'सुरंगा राजस्थान'
4. राजस्थान पधारिये
5. जाने क्या दिख जाये आदि

**प्रश्न 8. राजस्थान के प्रमुख चार किलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर:**

1. जयपुर में आमेर का किला
2. राजसमन्द में कुम्भलगढ़ का किला
3. उदयपुर में सज्जनगढ़ का किला
4. जैसलमेर में सोनार किला

**प्रश्न 9. राजस्थान की प्रमुख तीन झीलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर:**

1. उदयपुर की जयसमंद झील
2. माउण्ट आबू की नक्की झील
3. अजमेर की पुष्कर झील

**प्रश्न 10. राजस्थान के चार प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों के नाम लिखिए।**

**उत्तर:**

1. पुष्कर में ब्रह्माजी का मन्दिर
2. अजमेर में ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह
3. जैसलमेर में रामदेवरा मन्दिर
4. नाथद्वारा में श्रीनाथजी का मन्दिर

**प्रश्न 11. राजस्थान में रेलवे परिवहन का सबसे बड़ा केन्द्र कौन-सा है?**

**उत्तर:** राजस्थान में जयपुर रेलवे परिवहन का सबसे बड़ा केन्द्र है।

**प्रश्न 12. भारत के उत्तरी-पश्चिमी रेलवे मण्डल का कार्यालय कहाँ है?**

**उत्तर:** उत्तरी-पश्चिमी रेलवे मण्डल का कार्यालय जयपुर में है।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. राजस्थान के प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थलों का संक्षेप में वर्णन कीजिये।**

**उत्तर:** पुरातात्विक स्थल के रूप में राजस्थान के अनेक क्षेत्रों में सिन्धु घाटी के अवशेष मिले हैं। इनमें हनुमानगढ़ में कालीबंगा तथा पीलीबंगा, उदयपुर में आहड़, जयपुर में बैराठ तथा सीकर में गणेश्वर बहुत प्रसिद्ध हैं।

**प्रश्न 2. राजस्थान के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल कौनकौन से हैं?**

**उत्तर: धार्मिक पर्यटन स्थल –** राजस्थान के रीति-रिवाजों व लोक संस्कृति में धर्म का बहुत महत्त्व है। यहाँ के तीर्थ स्थल पर्यटन के प्रमुख केन्द्र माने जाते हैं। राज्य में ब्रह्माजी का मन्दिर (पुष्कर), ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह 1(अजमेर), कोलायत (बीकानेर), रामदेवरा (जैसलमेर), श्रीनाथजी, (नाथद्वारा, राजसमंद), एकलिंगजी (उदयपुर), गोविन्ददेवजी (जयपुर), करणीमाता देशनोक (बीकानेर), श्री महावीरजी (सवाईमाधोपुर), त्रिपुरा सुंदरी (बांसवाड़ा), ऋषभदेव (उदयपुर), रणकपुर (पाली) व देलवाड़ा (सिरोही) के जैन मन्दिर आदि मुख्य धार्मिक पर्यटन स्थल हैं।

**प्रश्न 3. राजस्थान रोड विजन 2025 को समझाइये।**

**उत्तर: राजस्थान रोड विजन 2025 –** इसके अनुसार इस सदी के पहले 25 सालों में सड़कों का विस्तार करना, उचित देखभाल कर सड़कों की गुणवत्ता को बनाए रखा जाएगा। इसके अन्तर्गत राज्य में एक्सप्रेस हाइवे बनाना, फ्लाई ओवर बनाना, राज्य के प्रमुख शहरों को रिंग रोड द्वारा जोड़ना एवं सभी गाँवों को सड़कों से जोड़ने की योजना है।

**प्रश्न 4. राजस्थान में परिवहन के साधन के रूप में जलमार्ग की क्या स्थिति है?**

**उत्तर:** राजस्थान की सीमा तटवर्ती नहीं है। यह चारों ओर से स्थल सीमा से घिरा हुआ राज्य है। राजस्थान में नदियाँ भी छोटी तथा मौसमी हैं अतः इनमें परिवहन सम्भव नहीं है। इस कारण राजस्थान में जलमार्ग का महत्त्व नहीं के बराबर है।

**प्रश्न 5. क्या आप समझते हैं कि राजस्थान ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों की दृष्टि से सम्पन्न राज्य है ?**

**अथवा**

**राजस्थान में प्रमुख ऐतिहासिक पर्यटन स्थान कौन-कौनसे हैं?**

**उत्तर:** राजस्थान ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों की दृष्टि से सम्पन्न राज्य है। यहाँ के लगभग हर क्षेत्र में ऐतिहासिक महत्त्व के स्थल हैं। पुरातात्विक स्थल के रूप में राजस्थान के कई इलाकों में सिंधु घाटी के सांस्कृतिक अवशेष मिले हैं। हनुमानगढ़ में कालीबंगा व पीलीबंगा, उदयपुर में आहड़, जयपुर में बैराठ और सीकर में गणेश्वर नामक पुरातात्विक स्थल प्रसिद्ध हैं। जयपुर में हवामहल, आमेर का किला, जंतर-मंतर, चित्तौड़गढ़ का विजयस्तम्भ व कीर्तिस्तम्भ, राजसमंद स्थित कुंभलगढ़ का किला, उदयपुर का सज्जनगढ़ किला और सिटी पैलेस, जैसलमेर का सोनार किला आदि प्रमुख ऐतिहासिक पर्यटन स्थल हैं।

## निबन्धात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. पर्यटन किसे कहते हैं? राजस्थान में पर्यटक बहुत आते हैं। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए किए जाने वाले किन्हीं। 4 प्रयासों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर: पर्यटन –** मनोरंजन, नैसर्गिक आनंद, खेलकूद, स्वास्थ्य, अध्ययन, धार्मिक यात्री, व्यापार, कार्यालय कार्य, सम्मेलन आदि के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए की गयी यात्री पर्यटन कहलाती है। राजस्थान में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए निम्न प्रयास किये जाने चाहिए

1. सर्वप्रथम राज्य में पर्यटकों की सुरक्षा का माहौल उपलब्ध कराया जाना चाहिए। यदि पर्यटक सुरक्षित महसूस करेंगे तो वे अधिक संख्या में राज्य में आयेंगे।
2. पर्यटन सम्बन्धी सभी जानकारी, यथा-आरक्षण, गाइड, टैक्सी, प्रमुख पर्यटन स्थल, होटल आदि एक ही स्थल पर उपलब्ध करानी चाहिए तथा इन सेवाओं का विस्तार किया जाना चाहिए।
3. प्रमुख पर्यटन स्थलों को सड़क मार्ग, रेल मार्ग व हवाई मार्ग द्वारा जोड़ा जाना चाहिए।
4. पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्यटन मेलों तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए जिनमें राजस्थानी संस्कृति, लोक कला, लोकनृत्य; राजस्थानी इतिहास से सम्बन्धित जगहों का प्रचार किया जाना चाहिए।

**प्रश्न 2. परिवहन का अर्थ एवं राजस्थान में इसके मुख्य साधन बताइए। परिवहन सेवा आर्थिक और सामाजिक तन्त्र की जीवन रेखा है। स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर: परिवहन का अर्थ –** एक स्थान से दूसरे स्थान तक मानवे, वस्तुओं एवं विचारों के आदान-प्रदान को परिवहन कहा जाता है। राजस्थान में परिवहन के मुख्य साधन-राजस्थान में परिवहन के मुख्य साधन सड़क, रेल व हवाई यातायात हैं। 'परिवहन सेवा आर्थिक और सामाजिक तंत्र की जीवन रेखा है।' यह कथन अक्षरशः सत्य है। अनाज को खेत से मंडी तक, मंडी से दुकान तक और दुकान से हमारे घरों तक, जहाँ उसका उपयोग होता है, पहुँचाना परिवहन की सेवाओं के बिना सम्भव नहीं। कल-कारखानों तक कच्चा माल और उत्पादित वस्तु को उपभोक्ता तक पहुँचाने में परिवहन का महत्त्वपूर्ण योगदान है। परिवहन के अभाव में मनुष्य अपनी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता है। अतः | परिवहन सेवा आर्थिक और सामाजिक तंत्र की जीवन रेखा है।

**प्रश्न 3. राजस्थान के प्रमुख प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को लिखते हुए पर्यटन के विकास को समझाइए।**

**उत्तर: प्राकृतिक पर्यटन स्थल –** राजस्थान एक बड़ा राज्य है। यहाँ अनेक प्राकृतिक पर्यटन स्थल हैं। राजस्थान में जैसलमेर में मनमोहक रेत के टीले (धोरे), झीलों की नगरी उदयपुर में जयसमंद, फतहसागर, पिछोला, उदयसागर आदि झीलें एवं शिल्पग्राम, सिरोही का प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल माउण्ट आबू एवं नक्की झील, अजमेर की पुष्कर झील, राजसमन्द में स्थित राजसमंद झील, भीलवाड़ा में मेनाल जल-प्रपात, सवाई माधोपुर का रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान, अलवर का सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर का केवलादेव घना राष्ट्रीय पक्षी विहार, जैसलमेर व बाड़मेर में स्थित राष्ट्रीय मरु उद्यान, कोटा में चम्बल नदी के किनारे घड़ियाल तथा मगरमच्छों के संरक्षण के लिए चम्बल अभयारण्य प्रमुख हैं।

**पर्यटन का विकास –** राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सन् 1979 ई. में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) की स्थापना की गई सन् 1989 ई. में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया पर्यटन के विकास के लिए राज्य में होटल निर्माण व पेइंग गेस्ट योजना संचालित है। निजी क्षेत्र के होटल व्यवसाय में भी पूँजी निवेश लगातार बढ़ रहा है। पर्यटन की सभी जानकारियाँ व सुविधाएँ जैसे आरक्षण, गाइड, टैक्सी, प्रमुख पर्यटन स्थल आदि इन्टरनेट पर उपलब्ध हैं। प्रमुख पर्यटन स्थलों को सड़क मार्ग, रेल मार्ग व हवाई मार्गों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स जैसी शाही रेलगाड़ी यात्रा की सुविधा, लोककला, लोकनृत्य, लोकगीत, पारम्परिक वेशभूषा आदि ने पर्यटन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'पधारो म्हारे देश', 'रंगीलो राजस्थान', 'सुरंगा राजस्थान', 'राजस्थान पधारिये', 'जाने क्या दिख जाये' जैसे नारे दिये गये हैं।

**प्रश्न 4. राजस्थान में रेल एवं वायु परिवहन पर एक लेख लिखिए।**

**उत्तर: 1. रेल परिवहन –** वर्तमान में रेल परिवहन का बहुत महत्त्व है। राज्य में पहली रेल सन् 1874 ई. में बाँदीकुई (दौसा) से आगरा फोर्ट (उत्तर प्रदेश) तक चली थी। इसके बाद राज्य में लगातार रेल परिवहन का विकास हो रहा है। राज्य में रेलमार्ग की कुल लम्बाई लगभग 6000 किमी. है। राज्य में जयपुर रेलवे परिवहन का सबसे बड़ा केंद्र है। राजस्थान में उत्तर-पश्चिम, उत्तर, पश्चिम-मध्य, उत्तरमध्य तथा पश्चिमी रेल मंडल की सेवाएँ संचालित हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे का मुख्यालय जयपुर है। जयपुर में शहरी यातायात के लिए मेट्रो रेल का विकास किया जा रहा है। खनिज और औद्योगिक विकास की दृष्टि से रेल परिवहन के विकास की राज्य में अच्छी संभावनाएँ हैं। रेल परिवहन न केवल सस्ता परिवहन का साधन है, बल्कि भारी

वस्तुओं को दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुँचाने में भी मददगार है, लेकिन राजस्थान का अधिकांश भाग मरुस्थलीय एवं पर्वतीय होने के कारण यहाँ रेल व सड़क परिवहन का विकास अपेक्षाकृत कम हुआ है।

**2. वायु परिवहन –** यह सबसे महंगा तथा तीव्र परिवहन का साधन है। औद्योगीकरण और विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास के लिए राजस्थान में वायु परिवहन की सुविधाओं को विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राजस्थान में वायु परिवहन का विकास अपेक्षाकृत कम ही हुआ है। जयपुर में स्थित सांगानेर हवाई अड्डा राज्य का सबसे व्यस्ततम व पहला अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है। उदयपुर के डबोक में महाराणा प्रताप अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थित है। जोधपुर व कोटा में भी हवाई अड्डे हैं।

**प्रश्न 5. परिवहन किसे कहते हैं ? सड़क परिवहन के महत्त्व को बताइये।**

**उत्तर: परिवहन –** एक स्थान से दूसरे स्थान तक मानव, वस्तुओं एवं विचारों के आदान-प्रदान को परिवहन कहा जाता है। सड़क परिवहन का महत्त्व-

1. सड़क परिवहन, परिवहन का एक प्राचीन साधन है तथा परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में अधिक विस्तृत एवं सुलभ है।
2. सड़क परिवहन एक लचीला एवं विश्वसनीय साधन है।
3. अधिकांश परिवहन सड़कों के माध्यम से ही पूरा होता है।
4. ग्रामीण क्षेत्रों में तो सड़क परिवहन ही सबसे महत्त्वपूर्ण है।
5. सड़क परिवहन दरवाजे से दरवाजे तक परिवहन की सुविधा प्रदान करता है।
6. दूध, फल, सब्जी, कारखानों के लिए कच्चा माल, तैयार उत्पाद को बाजार तक सड़क परिवहन के द्वारा ही पहुँचाया जाता है।
7. राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्यीय राजमार्गों तथा अन्य सड़कों द्वारा पूरे देश के विभिन्न भागों को आपस में जोड़ा गया है।
8. सड़क परिवहन द्वारा करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होता है।